# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 24 अप्रैल, 2019


- एशियन टी अलायंस
- तेल की खपत करने वाले बैक्टीरिया
- विश्व पुस्तक दिवस


## एशियन टी अलायंस

हाल ही में चाय का उत्पादन और खपत करने वाले पाँच देशों के संघ 'एशियन टी अलायंस' (Asian Tea Alliance-ATA) का चीन के गुइझोउ में गठन किया गया।

- इस अलायंस में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं-

♦ भारतीय चाय संघ

♦ चीन चाय विपणन संघ

♦ इंडोनेशियाई चाय विपणन संघ

♦ श्रीलंका चाय बोर्ड

♦ जापान चाय एसोसिएशन

- एशियन टी अलायंस का उद्देश्य चाय व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर चाय को बढ़ावा देने की दिशा में काम करना है।
- भारतीय चाय संघ और चीन चाय विपणन संघ ने दिसंबर 2018 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये थे जिसके पश्चात् यह अलायंस अस्तित्व में आया है।
- दोनों संघों ने भारत और चीन के अलावा यूरोप, अमेरिका, रूस तथा पश्चिम एशिया के प्रमुख चाय बाज़ारों में ग्रीन और ब्लैक टी की खपत को बढ़ावा देने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।

---

## तेल की खपत करने वाले बैक्टीरिया

हाल ही में वैज्ञानिकों ने मारियाना गर्त (Mariana Trench) में एक विशेष प्रकार के जीवाणु की खोज की है।

- शोधकर्त्ताओं ने गर्त से लिये गए सैंपल में ऐसे सूक्ष्मजीवों को पाया है जो तेल जैसे यौगिकों को खाते हैं और फिर ईंधन के लिये इसका उपयोग करते हैं।
- यह एक ऐसी खोज है जो रिसाव के कारण फैले तेल को हटाने के लिये स्थायी तरीका प्रदान कर सकती है।

---

## विश्व पुस्तक दिवस

23 अप्रैल को दुनिया भर में **विश्व पुस्तक दिवस** का आयोजन किया गया।

- इस वर्ष विश्व पुस्तक दिवस की थीम **'As a vector of knowledge, books bring people together around a story and a common heritage while revealing their specificities through different cultures, identities and languages'** रखी गई है।

- **यूनेस्को** हर साल इस मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन करता है और विश्व पुस्तक दिवस की थीम तैयार करता है।
- यूनेस्को थीम की मदद से लोगों के बीच किताब पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना चाहता है।
- किताबी दुनिया में कॉपीराइट एक अहम मुद्दा है, इसलिये विश्व पुस्तक दिवस पर इस मुद्दे पर भी ज़ोर दिया जाता है।
- इसी वज़ह से दुनिया के कई हिस्सों में इसे विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है।
- इस अवसर पर UAE के शारजाह शहर को 2019 के लिये **World Book Capital** के तौर पर चुना गया है। ज्ञातव्य है कि पहला विश्व पुस्तक दिवस 23 अप्रैल, 1995 को मनाया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-24-04-2019